संख्या-3/2015/534/43-1-2015-14(79)/2008

प्रेषक,

एस0 एन0 शुक्ल,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन,

सेवा में,

सचिव,
राज्य सूचना आयोग, उ0प्र0,
लखनऊ।

प्रशासनिक सुधार अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 20 मार्च, 2015

विषयः- उ0प्र0 राज्य सूचना आयोग में राज्य मुख्य सूचना आयुक्त को अनुमन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 की धारा-16 (5) (क) के अनुसार ''राज्य मुख्य सूचना आयुक्त को संदेय वेतन और भत्ते तथा सेवा के अन्य निबंधन और शर्ते वहीं होंगी, जो भारत के निर्वाचन आयुक्त की हैं।'' चुनाव आयोग (चुनाव आयुक्तों की सेवा शर्ते) अधिनियम-1991 के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त एवं चुनाव आयुक्तों की सेवा शर्ते वहीं होंगी, जो ''सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों (वेतन एवं सेवा शर्ते) अधिनियम-1958'' के अनुसार हैं।

2. उ0प्र0 राज्य सूचना आयोग के राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्तों को अनुमन्य वेतन भत्ते एवं अन्य सुविधाओं से सम्बन्धित प्रशासनिक सुधार अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-426/43-1-2011-14(79)/2008 दिनांक 15 फरवरी, 2011 में राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्तों के वेतन भत्ते, मासिक सत्कार भत्ता, स्थानान्तरण/यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता/माल ढुलाई भत्ता, आवासीय सुविधा, मकान किराया भत्ता, भविष्य निर्वाह निधि, अवकाश सुविधा, चिकित्सा परिचर्या, वाहन भत्ता एवं दूरभाष की सुविधा प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई है।

3. उपर्युक्त शासनादेश में राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के सम्बन्ध में उल्लिखित कतिपय मदों यथा यात्रा भत्ता, आवासीय सुविधा, भविष्य निर्वाह निधि, चिकित्सा परिचर्या और वाहन सुविधा के सम्बन्ध में निहित व्यवस्था सुसंगत अधिनियमों के प्राविधानों के अनुरूप नहीं है तथा अवकाश यात्रा भत्ता के सम्बन्ध में कोई व्यवस्था नहीं है।

4. अतः उपर्युक्त शासनादेश दिनांक 15 फरवरी, 2011 में आंशिक संशोधन करते हुए राज्य मुख्य सूचना आयुक्त को यात्रा भत्ता/अवकाश यात्रा भत्ता, आवासीय सुविधा/मकान किराया भत्ता, भविष्य निवार्ह निधि, चिकित्सा परिचर्या तथा वाहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु निम्नवत् व्यवस्था निर्धारित किए जाने की स्वीकृति श्री राज्यपाल प्रदान करते हैः-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(1) <u>यात्रा भत्ता/अवकाश यात्रा भत्ता</u>

शासनादेश दिनांक 15-2-2011 में निहित व्यवस्था	शासनादेश दिनांक 15-2-2011 में निहित व्यवस्था के स्थान पर राज्य मुख्य सूचना आयुक्त को अनुमन्य संशोधित व्यवस्था
''(iii) भ्रमण अथवा स्थानान्तरण तथा पद ग्रहण करने हेतु अथवा सेवानिवृत्ति के पश्चात गृह जनपद जाने हेतु यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता, माल-ढुलाई भत्ता आदि भारत के निर्वाचन आयुक्त के समतुल्य देय होगा।''	The State Chief Information Commissioner shall be entitled to Travelling Allowance as applicable to an Election Commissioner of India who is entitled to TA (Tour) and TA (Transfer/Retirement) as per the provisions contained in the Supreme Court Judges (TA) Rules, 1959. In terms of Rule 5(f) ibid when a judge travels on duty he is entitled to a daily allowance at the rate of Rs.600 for the entire period of absence from head quarters provided that daily allowance so admissible shall be regulated as follows: (i) Full daily allowance for each completed day, which is reckoned from mid-night to mid-night (ii) For absence from head quarters for less than twenty- four hours the daily allowance shall be at the following rates, namely: (a) If the absence from headquarters does not exceed 6 hours, 30% of the full daily allowance; (b) If the absence from head quarters exceeds 6 hours, but does not exceed 12 hours, 50% of the full daily allowance; (c) If the absence from head quarters exceeds 12 hours full daily allowance provided also that – When a judge is required to perform functions outside his normal duties in localities away from his head quarters, he may subject to such conditions as the President may in each case determine, be granted daily allowance not exceeding Rs.600 per day for all types of localities and Rs.1000 and transport charges not exceeding Rs.50 per day in respect of specially expensive localities like Mumbai, Kolkata, Chennai, Delhi, Hyderabad, Ahmedabad and Bangalore or any other locality so declared hereafter by the President and shall also be entitled to accommodation at the same rates as for Government servants

http://shasanadesh.up.nic.in

	As admissible to Supreme Court Judges, Chief Election Commissioner/Election Commissioners, the State Chief Information Commissioner is also entitled to Leave Travel Concession for self, spouse and dependent members of family for visiting any place in India including home town during leave thrice a year in accordance with rules applicable in this behalf to a member of the Indian Administrative Service holding the rank of Secretary to Government of India. **(As per Sec. 16(5) of RTI Act, 2005, Sec.8 of the CEC and other ECs (Conditions of Service) Act, 1991 & Rule 6A of the Supreme Court Judges (TA) Rules, 1959)**

(2) <u>आवासीय सुविधा/मकान किराया भत्ता।</u>

शासनादेश दिनांक 15-2-2011 में निहित व्यवस्था	शासनादेश दिनांक 15-2-2011 में निहित व्यवस्था के स्थान पर राज्य मुख्य सूचना आयुक्त को अनुमन्य संशोधित व्यवस्था
''आवासीय सुविधा/ मकान किराया भत्ता भारत के निर्वाचन आयुक्त के समतुल्य देय होगा।''	The State Chief Information Commissioner shall be entitled without payment of rent to the use of a furnished official residence throughout the term of his office and for a period of one month immediately thereafter and no charge shall fall on him personally in respect of the maintenance of such residence. For this purpose, residence includes the staff quarters and other buildings appurtenant thereto and the garden thereof and maintenance in relation to a residence includes the payment of local rates and taxes and electricity and water. Where, for any reason, the State Chief Information Commissioner does not avail himself of the use of an official residence he may be paid every month an allowance equivalent to an amount of 30% of his pay as HRA in lieu of rent-free official residence. In such case the residence of the State Chief Information Commissioner will be treated as official residence and all other facilities described above will be provided. **(As per Sec. 16(5) of RTI Act, 2005, Sec.8 of the CEC and other ECs (Conditions of service) Act, 1991, Sec. 23 (IA) of the Supreme Court Judges (Salaries & conditions of Service) Act, 1958 & Rule 4**

http://shasanadesh.up.nic.in

	of the Supreme Court Judges Rules, 1959)

(3) <u>भविष्य निर्वाह निधि</u>

शासनादेश दिनांक 15-2-2011 में निहित व्यवस्था	**शासनादेश दिनांक 15-2-2011 में निहित व्यवस्था के स्थान पर राज्य मुख्य सूचना आयुक्त को अनुमन्य संशोधित व्यवस्था**
''सामान्य भविष्य निर्वाह निधि (उत्तर प्रदेश) नियम, द्वितीय प्राविधान के नियम-4 को छोड़कर, समय-समय पर संशोधनों के साथ (Mutatis-Mutandis) राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्तों पर लागू होगें।''	The State Chief Information Commissioner shall be entitled to subscribe to the General Provident Fund (Central Services). If he was a member of the IAS before taking over as the State Chief Information Commissioner, he shall continue to subscribe to the Provident Fund to which he was subscribing before his appointment as the State Chief Information Commissioner. **(As per Sec. 16(5) of RTI Act, 2005, Sec.7 of the CEC and other ECs (Conditions of Service) Act, 1991)**

(4) <u>चिकित्सा परिचर्या</u>

शासनादेश दिनांक 15-2-2011 में निहित व्यवस्था	**शासनादेश दिनांक 15-2-2011 में निहित व्यवस्था के स्थान पर राज्य मुख्य सूचना आयुक्त को अनुमन्य संशोधित व्यवस्था**
''मुख्य सूचना आयुक्त तथा सूचना आयुक्तों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक चिकित्सा परिचर्या नियम,1946 में समय-समय पर दिये गये दिशा निर्देश के अन्तर्गत देय होगी ''	The State Chief Information Commissioner and the dependent members of his family shall be entitled to such facilities for medical treatment and for accommodation in hospitals as prescribed for an Election Commissioner of India from time to time. In terms of section 8 of the Chief Election Commissioner and Other Election Commissioners (Conditions of Service) Act, 1991, they are entitled to medical facilities and such other conditions of service as are for the time being applicable to a judge of the Supreme Court under Chapter IV of the Supreme Court Judges (Conditions of Service) Act, 1958 and the rules made there under. Accordingly as per Rule 5 of the Supreme Court Judges Rules, 1959, in respect of facilities for medical treatment and accommodation in hospitals, the provisions of the All India Services (Medical Attendance) Rules, 1954 shall apply as they

http://shasanadesh.up.nic.in

	apply to a member of Indian Administrative Service. Provided that the expenses shall be reimbursed on prescription of Government doctors / hospitals or Recognized Private Practitioners/Private hospitals to the State Chief Information Commissioner. In accordance with Section 23C of the Supreme Court Judges (Salaries and Conditions of Service) Act, 1958, every retired State Chief Information Commissioner shall be entitled for himself and his family to the same facilities as respects medical treatment and on the same conditions as a retired officer of the Central Civil Services Class-I and his family are entitled under any rules or orders of the Central Government for the time being in force. **(As per Sec. 16(5) of RTI Act, 2005, Sec.8 of the CEC and other ECs (Conditions of Service) Act, 1991 &Sec 23C of the Supreme Court Judges (Salaries and Conditions of Service) Act,1958 & Rule 5 of the Supreme Court Judges Rules,1959)**

(5) <u>वाहन सुविधा</u>

शासनादेश दिनांक 15-2-2011 में निहित व्यवस्था	**शासनादेश दिनांक 15-2-2011 में निहित व्यवस्था के स्थान पर राज्य मुख्य सूचना आयुक्त को अनुमन्य संशोधित व्यवस्था**
"मुख्य सूचना आयुक्त तथा सूचना आयुक्तों को शासकीय /निजी कार्य हेतु स्टाफ कार की सुविधा राज्य सरकार द्वारा निर्गत शासनादेश के अनुसार अनुमन्य होगी। "	The State Chief Information Commissioner shall be entitled to a staff car and 200 litres fuel per month or the actual consumption of fuel whichever is less. **(As per Sec. 16(5) of RTI Act, 2005, Sec.8 of the CEC and other ECs (Conditions of Service) Act, 1991 & Sec 23A/23D of the Supreme Court Judges (Salaries and Conditions of Service) Act, 1958)**

5- राज्य सूचना आयुक्तों हेतु शासनादेश संख्या-426/43-1-2011- 14(79)/2008 दिनांक 15 फरवरी, 2011 में निर्धारित व्यवस्थाएं यथावत् रहेंगी।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-जी(2)292/दस-2015, दिनांक 20 मार्च, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय,

(एस0एन0 शुक्ल)
प्रमुख सचिव।

संख्या-3/2015/534(1)/43-1-2015, दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- राज्य मुख्य सूचना आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
4- वित्त एवं लेखाधिकारी, राज्य सूचना आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9
6- वित्त सामान्य अनुभाग-1/2/3/4
7- विभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(लुटावन राम)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।